तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 अगस्त 2026

14 हरेली तिहार नगर और ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास...



14 सीएम साय से मिला तिल्दा-नेवरा का प्रतिनिधिमंडल



[ बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]







# हरेली तिहार पर कृषि उपकरणों की पूजा, घरों में महकी पकवानों की खुशबू

## पूरा अंचल छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंगों में सराबोर नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली को हिरमी अंचल एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे हर्षाउल्लास, उत्साह और परंपरा के साथ मनाया गया। खेती-किसानी का शुरुआती कार्य पूर्ण करने के बाद किसान भाइयों ने अपनी खुशी प्रकट करते हुए लोक संस्कृति के इस महान पर्व का आनंद लिया। कृषि औजारों की सफाई और पूजा-अर्चना हरेली पर्व के अवसर पर किसानों ने अपने हल, कुदाली, नागर, रापा सहित सभी कृषि यंत्रों को धोकर साफ-सुथरा किया।

इसके पश्चात विधि-विधान से धूप-दीप जलाकर उनकी पूजा-अर्चना की गई और विशेष रूप से तैयार स्वादिष्ट चीला रोटी का भोग लगाया गया। किसानों ने अच्छी फसल और गांव में खुशहाली की कामना की। गोठान में पशुधन की सुरक्षा हेतु बांटी गई औषधि छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार, पशुधन के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गोठान में विशेष व्यवस्था की गई। पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए गेहूं की लोई और खमार पत्ते में नमक मिलाकर जड़ी-बूटी औषधि खिलाई गई, जिससे उनकी सेहत उत्तम रहे और वे सुरक्षित रहें। दिलेश्वर मढरिया ने दी हरेली की शुभकामनाएं क्षेत्र के जिला पंचायत बलौदाबाजार डॉ मोहनलाल वर्मा सभापति ने हरेली त्यौहार के सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व प्रकृति, कृषि और पशुधन के प्रति हमारी कृतज्ञता व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम है। यह त्योहार हमारी छत्तीसगढ़ी माटी की पहचान और समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने अंचलवासियों एवं प्रदेश के सभी किसान भाइयों को हरेली पर्व की बधाई व ढेरों शुभकामनाएं दीं। दिनभर गांवों में गेड़ी चढ़ने और पारंपरिक खेल-कूद का दौर जारी रहा, जिससे पूरा अंचल छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंगों में सराबोर नजर आया।





## खबर संक्षेप


### तिरंगा यात्रा में राजस्व मंत्री सहित जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

**बलौदाबाजार**। देशभक्ति के जज्बे और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से 13 अगस्त को जिला द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की अगुवाई में आयोजित तिरंगा यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी, स्कूल व कॉलेज के युवा एवं नागरिकगण शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा बलौदाबाजार स्थित गार्डन चौक से अपरान्ह 4 बजे अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। तिरंगा यात्रा गार्डन चौक से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए अम्बेडकर चौक पर सम्पन्न होगा। तिरंगा यात्रा के लिये जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसमें गार्डन चौक में मंच निर्माण, पार्किंग, यातायात व्यवस्था आदि शामिल हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को तिरंगा यात्रा की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### जिला मुख्यालय में कल स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन

**बलौदाबाजार**। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार इस वर्ष भी 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ का शुभारंभ प्रातः 7 बजे पण्डित चक्रपाणी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदाबाजार के खेल मैदान से होगा। आयोजन में 'जिला प्रशासन से अधिकारी एवं कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, आम नागरिक, खिलाड़ीगण, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक सम्मिलित होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों, युवाओं एवं खिलाड़ियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

### छात्राओं ने वीर सैनिकों के लिए भेजी राखियां



**भरुवाडीह/सैहा /गुमा** । दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गुमा में अध्ययनरत गाईडस, रेंजर, इकोक्लब एवं सभी छात्राओं ने रक्षा सूत्र तैयार कर देश के वीर जावनों को समर्पित किए। छात्राओं द्वारा श्रद्धा एवं स्नेह से निर्मित इन रक्षा सूत्रों के साथ तिलक के लिये चुटकी भर पवित्र मिट्टी तथा सैनिकों के नाम सम्मान एवं शुभकामनाओं से परिपूर्ण सन्देश पत्र भी तैयार किये। इन सभी सामग्रियों को सैनिकों तक पहुंचाने के लिये संस्था के प्राचार्य शांता कुमार खटकर को समर्पित किए। छात्राओं के इस देशभक्ति सराहनीय कार्य की संकुल समन्वयक राजेंद्र रात्रे, डीपी साहू, राजेश साहू, अर्चना मिंज, दिलीप बंदे, प्रमोद देवांगन, मोहनलाल भारद्वाज, मंजू चौहान, आरके मांडरे, ज्ञानेश्वरी साहू एवं स्काउट गाइड प्रशिक्षक योमेश कुमार साहू सहित सभी शिक्षकों ने छात्राओं की प्रशंसा की।

## बस चालक के खिलाफ कार्रवाई, ग्रामीणों में आक्रोश

# बस की ठोकर से बाइक चालक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

घोटिया-गिधपुरी मार्ग पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक सवारी बस ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल 27 वर्षीय भोजू राम निषाद ने पलारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, भोजू राम निषाद पिता देव सिंह निषाद, ग्राम भवानीपुर के रहने वाले थे। वह अपनी भाभी को चिखली गाँव छोड़कर बाइक से वापस भवानीपुर लौट रहे थे। जैसे ही वे जुनवानी-गिधपुरी मार्ग पर जुनवानी गाँव के पास पहुँचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर गया और उसे सिर व शरीर पर गहरी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना गिधपुरी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को पुलिस वाहन में डालकर तुरंत पलारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। लेकिन चोटों की गंभीरता के कारण उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी उनेस देशमुख ने बताया कि बस ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक की साल भर पहले ही शादी हुई थी उसकी पत्नी वर्तमान में सात माह की गर्भवती है।



### 31 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**सिमगा।** बेमेतरा ओवर ब्रिज के पास नेशनल हाईवे सिमगा में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए आरोपी रवैन्द्र ढौरे 32 वर्ष निवासी ग्राम पौसरी थाना चंदनू जिला बेमेतरा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब कोचिया से कुल 3100 कीमत मूल्य का 31 पौवा देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. सीजी 22 एक्स 2951 को जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध 34 (2) आबकारी के तहत अपराध पंजीबध्द कर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

**छत्तीसगढ़ सरपंच महासंघ की प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में लिया गया निर्णय**

# सरपंच महासंघ मुख्यमंत्री से मिलकर रखेगा प्रमुख मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



छत्तीसगढ़ सरपंच महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी का प्रथम सम्मेलन होटल 'द नाइन' में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेशभर से महासंघ के पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक में सरपंचों से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं प्रमुख मांगों पर विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासंघ के सभी पदाधिकारी शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर सरपंचों की प्रमुख मांगों को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से उनके समक्ष रखेंगे। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर पंचायतों और सरपंचों से जुड़े विषयों के समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही गई।

**ये पदाधिकारी रहे मौजूद:** सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव नायक के साथ महासचिव राजेश्वरी कैलाश आडिल, रजनीश मरावी, राम राय मिंज एवं गजमोहन सिंह उपस्थित रहे। संरक्षक के रूप में हरिशंकर साहू, खलेश्वर रात्रे एवं क्रांतिभूषण साहू शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्षों में संकेत अग्रवाल, टिकेश साहू, हिमांशु चौहान, कलिस्त एक्का, जयसिंह कुरूम, रघुवीर पिंड सिन्हा, सुरेंद्र भास्कर, रेंद्र नाग, छत्रपाल सिंह राज, रेखा लिंग राज साहू, जोगा मरकाम एवं मनभजन टंडन उपस्थित रहे। प्रदेश सचिवों में मुकेश ठीढ़ी, संजय कुमार, शत्रोहन चेलक, सुरेश कुमार, विजय कुमार मंड़वार, रमेश्वर राठिया, अजीत तिग्गा, पुष्पा लता बघेल एवं ममता मंडावी, सहसचिव संतोष मेसराम, कोषाध्यक्ष लखन पटेल, अमजद खान, चंद्रम वर्मन, हेम कुमार मारकंडे, अमर सिंह मरकाम एवं हरिराम सलाम तथा मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह मरावी मौजूद रहे।

### पंचायतों को मजबूत करने पर जोर



बैठक में पदाधिकारियों ने सरपंचों की एकता और संगठन को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही प्रदेश के विकास कार्यों में पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। महासंघ ने कहा कि ग्राम पंचायतें शासन की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। सम्मेलन में पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने और शासन की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## हरेली तिहार पर हमर सुंदर गांव फाउंडेशन ने किया पौधारोपण



**भाटापारा।** हरेली तिहार पर ग्राम दावनबोड़ में हमर सुंदर गांव फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर अशोक, पीपल एवं बरगद जैसे पर्यावरण एवं प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में अमृत लाल ध्रुव सचिव, रामकुमार वर्मा संरक्षक, नोहर सिंह ध्रुव, गोविन्द वर्मा, उपाध्यक्ष लखन वर्मा, गंगा प्रसाद वर्मा, तुलाराम वर्मा, टिकेश्वर वर्मा , राम स्वरूप वर्मा, योगेन्द्र वर्मा , नितेश वर्मा, मनोज वर्मा, मनोहर साहू , नीलकंठ वर्मा, प्रवीण वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

थाना हथबंद क्षेत्र के ग्राम खपराडीह (धीवनपुरी) निवासी आरोपी पंकज कुमार मनहरे गांव के ही पवन निषाद नामक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश रखते हुए डंडे से मारकर पेट में ताबड़तोड़ चाकू से वार कर हत्या करने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने आजीवन कारावास से दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने बताया कि दो साल पहले 28 दिसम्बर को प्रार्थी शिवधन निषाद द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम खपराडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था, जिसे देखने वह और मृतक भी गए थे। कार्यक्रम के बाद पास में ही सुबह 4 बजे वे दोनों चाय पी रहे थे तभी गांव के ही निवासी पंकज कुमार मनहरे द्वारा उसके भतीजे पवन निषाद से पुरानी रंजिश रखते हुए डंडा से वार किया जिसे हाथ से रोकने पर चोट आई, फिर उसके बाद आरोपी हत्या करने की नीयत से चाकू लेकर दौड़ाया और आगे जाकर उसके पेट में चाकू से अनेक बार मारकर पवन की हत्या कर दिया है। थाना पुलिस द्वारा उक्त रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य विवेचना पूर्ण कर पुलिस द्वारा अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया।

यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने आरोपी को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करने पर आरोपी द्वारा किया गया अपराध सिद्ध होना पाया इसलिए आरोपी पंकज कुमार मनहरे को धारा 103 बीएनएस के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये की अर्थदंड तथा धारा 238 में 03 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रुपए, धारा 115(2) में एक वर्ष का कारावास व 500 रुपए तथा धारा 25 आयुध अधिनियम में एक वर्ष कारावास व 500 रुपए एवं धारा 27 आयुध अधिनियम में 03 वर्ष का कारावास व 500 रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव एवं प्रकरण की विवेचना निरीक्षक कैलाशचंद्र दास द्वारा किया गया है।

## जेसीबी से पीएम आवास ढहाने की शिकायत कलेक्टर से





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- शिकायत में महिला ने सरपंच पति सहित 3 पर लगाया मारपीट का आरोप, कार्रवाई और न्याय की मांग की

जिले के सोनाखान क्षेत्र के ग्राम देवरूम में एक महिला हितग्राही ने वर्तमान सरपंच पति सहित तीन लोगों पर उसके प्रधानमंत्री आवास को जेसीबी से तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से करते हुए दोषियों के खि ला फ कानूनी एवं दं डा त्म क कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार ग्राम देवरूम निवासी हेमकुमारी चौसान 45 वर्ष के नाम पर 13 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। महिला का दावा है कि उसने अपनी पट्टे की भूमि पर रिश्तेदारों और अन्य लोगों से राशि लेकर वर्ष 2024 में आवास का निर्माण पूरा कराया था। आवास पूर्ण होने के बाद वह अपने परिवार के साथ वहां निवास कर रही थी।

पीड़िता का आरोप है कि 1 अगस्त को दोपहर करीब 3 से 4 बजे वर्तमान सरपंच पति जगमोहन नायक सहित नंदकुमार पटेल और नॉनकेश्वर पटेल ने जेसीबी मशीन के माध्यम से उसके प्रधानमंत्री आवास को तुड़वा दिया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर महिला और उसके परिवार के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट की गई। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि आवास को तोड़ने से पहले उसे किसी सक्षम अधिकारी अथवा न्यायालय का आदेश नहीं दिखाया गया। पीड़िता ने यह भी बताया कि घटना की सूचना राजादेवरी पुलिस थाने में लिखित रूप से दी गई, लेकिन शिकायत के अनुसार अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने कलेक्टर से अपने पट्टे की भूमि पर बने प्रधानमंत्री आवास को तोड़े जाने की जांच कराने, संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई करने तथा अपने परिवार को सुरक्षा एवं न्याय दिलाने की मांग की है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। संबंधित पक्षों और प्रशासन का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## तिल्दा-नेवरा नगर पालिका पर विकास को लेकर उठी उंगलियां

# तीन करोड़ की राशि अटकी, विकास पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

भाजपा शासित तिल्दा-नेवरा नगर पालिका इन दिनों विकास कार्यों को लेकर सवालों के घेरे में है। शहर की बदहाल सड़कों, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों और वार्डों में अधूरे अथवा गुणवत्ताहीन नजर आ रहे निर्माण कार्यों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर नगर पालिका को शासन से मिलने वाली अधोसंरचना मद की तीन करोड़ रुपये की राशि अब तक क्यों नहीं मिली?

जानकारी के मुताबिक शासन द्वारा प्रदेश की नगर पालिकाओं को प्रतिवर्ष अधोसंरचना मद से निर्धारित राशि उपलब्ध कराई जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में तिल्दा-नेवरा नगर पालिका को इस मद से तीन करोड़ मिले थे, लेकिन वित्तीय वर्ष 2025-26 की राशि अब तक पालिका को प्राप्त नहीं हुई है। दावा है कि प्रदेश की अन्य नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को निर्धारित राशि जारी की जा चुकी है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि तिल्दा-नेवरा नगर पालिका की राशि आखिर अटकी क्यों है? क्या नगर पालिका के कामकाज से नगरीय प्रशासन विभाग असंतुष्ट है या इसके पीछे कोई प्रशासनिक अथवा तकनीकी वजह है?




### राशि अटकी तो विकास कार्यों पर असर

अधोसंरचना मद की राशि नहीं मिलने का असर अब शहर की बुनियादी सुविधाओं पर दिखाई देने लगी है। शहर की कई सड़कें खराब हैं, गलियों में स्ट्रीट लाइटों की स्थिति पर सवाल है और कई वार्डों में कुछ महीने पहले बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता को लेकर भी नागरिक सवाल उठा रहे हैं। तिल्दा-नेवरा को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र का प्रमुख और बड़ा शहर माना जाता है। ऐसे में शहरवासियों का कहना है कि जिस रफ्तार से शहर का विस्तार हो रहा है, उसके अनुरूप विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं।

### *अध्यक्ष-पार्षदों की खींचतान भी बनी चुनौती?*

*तिल्दा-नेवरा नगर पालिका में आपसी खींचतान कोई नई बात नहीं है। पूर्व में भी अध्यक्ष और पार्षदों के बीच मतभेद तथा राजनीतिक खींचतान के चलते नगर विकास प्रभावित होने के आरोप लगते रहे हैं। वर्तमान कार्यकाल का करीब डेढ़ वर्ष भी विवादों और आरोप-प्रत्यारोप के बीच गुजरने की चर्चाएं हैं। इस पूरे मामले में जब नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद की राशि के लिए पालिका की ओर से पत्र लिखा गया है और जल्द ही राशि मिलने की उम्मीद है। अब देखने वाली बात यह होगी कि तीन करोड़ रुपये की यह राशि कब तक नगर पालिका को मिलती है और इसके बाद शहर की सड़क, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं की तस्वीर कितनी बदलती है।*







संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605




संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605







संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.: 9300688639, 7000171605

समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
देशभक्तों से ही देश की शान है, देशभक्तों से ही देश का मान है,
हम उस देश के फूल हैं यारों, जिस देश का नाम हिंदुस्तान है।

# खुशी हॉस्पिटल

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं
आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

डॉ. भोजराज मोहनानी
(एम.बी.बी.एस., एम.एस.)
पेट रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन

डॉ. श्रीमती मुक्ता मोहनानी
(महिला रोग विशेषज्ञ)

पता- गायत्री मंदिर चौक, भैरवगढ़ धाम, तिल्दा नेवरा
विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध

समस्त देशवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# श्री सांई पैकरा हॉस्पीटल

डॉ. किशन चिरानिया
(एम.एस. ओ.बी.जी. वाई)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
सोनोग्राफी, बांझपन, लैप्रोस्कापी विशेषज्ञ

हाथों में छोटा सा तिरंगा लेकर हम मुस्कुराते हैं, तुतलाती सी बोली में 'जन-गण-मन' को गाते हैं।
भारत माँ के नन्हे प्रहरी, राह नई बनाएंगे, अपनी मेहनत और सच्चाई से भारत नाम चमकाएंगे।




बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने,
खरोरा रोड तिल्दा, जिला- रायपुर (छ.ग.)
24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपातकालीन सुविधा उपलब्ध

समस्त प्रदेशवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# ज्योति हॉस्पिटल
## एवं प्रसुति गृह

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

डॉ. ज्योति वाधवा
(प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)

पराधीनता के साए से बाहर हम आए हैं,
खुद के दम पर दुनिया में अपना परचम लहराए हैं।
मेक इन इंडिया का सपना, स्वाभिमान की राह हमारी,
आत्मनिर्भर भारत की यह नई उड़ान है न्यारी।



आकस्मिक चिकित्सा
चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशेषज्ञता है जिसमें चिकित्सक को गम्भीर बीमारी या चोट वाले रोगियों की चिकित्सा की व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।
ICU आपातकालीन सुविधा उपलब्ध है।

रजिस्ट्री ऑफिस के पास, सरस्वती शिशु मंदिर रोड सेतपाल नगर, तिल्दा नेवरा
मो.-7694907897, 07489512346
नोट- असुविधा से बचने के लिए फोन से अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें।

समस्त प्रदेशवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# ओम हॉस्पिटल
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा


श्री विनोद अग्रवाल
(Managing Director)


डॉ. कमलेश अग्रवाल
(Director)
एम.बी.बी.एस., एम.एस, एम.सी.एच.
बर्न, प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और रिकन्सट्रक्टिव सर्जन


डॉ. विजय अग्रवाल
(Director)
एम. डी. एस. मैक्सिलोफेशियल
और ओरल कैंसर सर्जन

सुविधाएं:- हमारे यहां ईलाज हेतु सभी शासकीय योजनाओं की सुविधा उपलब्ध है।

- बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक यूनिट
- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
- ट्रामा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
- गहन चिकित्सा विभाग
- कैंसर रोग
- बच्चे दानी का कैंसर
- नाक, कान एवं गला रोग
- मेडिसिन विभाग
- शिशु रोग
- चर्मरोग विभाग
- हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- मस्तिष्क रोग
- हेयर ट्रांसप्लांट यूनिट
- डायलिसिस यूनिट
- नशामुक्ति एवं मानसिक रोग इलाज
- पेट सम्बन्धित रोगों का इलाज
- गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- श्वास एवं छाती रोग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- टेढ़े-मेढ़े दांतों व दंत रोग
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
- एडवांस पैथोलॉजी यूनिट
- सोनोग्राफी, ईको, ई. सी. जी.
- मल्टीस्लाइस सी. टी. स्कैन
- फुली मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर

पता: ओम हॉस्पिटल, खरोरा रोड, बहेसर, तिल्दा-नेवरा, (छ.ग.)
फ़ोन नंबर: 70003-74946, 93027-34809

हमारे अन्य ब्रांच
ओम हॉस्पिटल रायपुर
एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, महादेव घाट रोड, रायपुरा, रायपुर
संपर्क - 83700-08551

ओम हॉस्पिटल जगदलपुर
हटा ग्राउंड के सामने, जगदलपुर (बस्तर)
संपर्क- 8435908123

ओम हॉस्पिटल सरायपाली
स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, नेशनल हाइवे, सरायपाली (छ.ग.)
Ph-07725-299360, Mob-83700-08558

संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.- 9300688639, 7000171605

